अपील सूचना अधिकार संख्या 97/2021(GCMS 2021/153) (आरटीआई नं. 212943494772443) श्री पवन पारीक नजदीक ठाकुरजी मन्दिर, कालूवास, श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर – 331803 (मोबाईल नं.86190–93867) बनाम उपखण्ड अधिकारी, अनूपगढ़

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

15.03.2023

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी पवन पारीक स्वयं उपस्थित नहीं हुआ। पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया कि अपीलार्थी ने **लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, अनूपगढ** से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 30.07.2021 से एक बिन्दु की सूचना चाही थी, जो लोक सूचना अधिकारी ने उसे निश्चित समय सीमा में उपलब्ध नहीं करवाई है इसलिए उसने लोक सूचना अधिकारी से वांछित सूचनाएं उपलब्ध करवाने की प्रार्थना के साथ यह अपील है।

मैनें पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि अपीलार्थी पवन पारीक ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 30.07.2021 के द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, अनूपगढ से निम्न सूचना चाही थी:

mene 1 UDM gaav anupgarh tehsil dist. Ganganagar raj. me 60X90 aawashly bhukhand si kiste bhari thi. Lekin mujhe abi tak bhukand aavantan nhi hua h aaplo me rasheede bhej salgan pdf formet me upload kar raha hua h aapko me rasheede bhej salgan pdf formet me upload kar raha hu inka 37 year pahle ka record ki copy deve

Signature Not Verified
Digitally signed by Sourabh Swami
Date: 2023.05.19 17:21:17 IST
Reason: SelfAttested

लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, अनूपगढ़ ने अपने पत्रांक आर.टी.आई./1129 दिनाक 20.06.2022 से अपील का जवाब निम्नानुसार प्रेषित किया है :

जिला कलेक्टर
श्रीगंगानगर

उपरोक्त विषयानतर्गत प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में निवेदन है कि अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का बिन्दुवार प्रत्युतार निम्मानुसार सादर प्रेषित है:

1. अपीलार्थी द्वारा आवेदन क्रमांक 212855662220746 दिनांक 30.07.2021 में सूचना निम्नुसार पृष्ठांकित कर चाही गई थी : mene 1 UDM gaav anupgarh tehsil dist. Ganganagar raj. me 60X90 aawashly bhukhand si kiste bhari thi. Lekin mujhe abi tak bhukand aavantan nhi hua h aaplo me rasheede bhej salgan pdf formet me upload kar raha hua h aapko me rasheede bhej salgan pdf formet me upload kar raha hu inka 37 year pahle ka record ki copy deve
2. श्रीमान्जी कार्यालय हाजा के पत्रांक F/srigangangar collectorate/ 1816274612 date 01-09-2021 के जरिये आवेदक को आवेदक द्वारा वांछित सूचना से संबंधित पत्रावली के संबध में मीसल नं., अनवान् एवं निर्णयकर्त्ता अधिकारी आदि के सम्बन्ध में सूचना चाही गई थी। परन्तु आज दिनांक तक आवेदन द्वारा उक्त के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है।
3. आवेदक द्वारा चाही गई सूचना से संबंधित पत्रावली का पूर्ण विवरण नहीं होने के कारण आवेदन को सूचना उपलब्ध करवाई जानी संभव नहीं है।
4. उक्तानुसार आवेदक द्वारा पूर्ण विवरण उपलब्ध करवाने पर नियमानुसार आवेदक को सूचना उपलब्ध करवा दी जावेगी।

sd-
लोक सूचना अधिकारी
एवं उपखण्ड अधिकारी
अनूपगढ़

Signature Not Verified
Digitally signed by Sourabh Swami
Date: 2023.05.19 17:21:17 IST
Reason: SelfAttested

लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, अनूपगढ ने अपीलार्थी से उसकी वांछित सूचनाओं के सम्बन्ध में जानकारी चाही थी, परन्तु अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, अनूपगढ़ को कोई सूचना उपलब्ध

जिला कलेक्टर
श्रीगंगानगर

नहीं करवाई है। इसलिए अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी वांछित सूचनाओं के सम्बन्ध में लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी को जानकारी उपलब्ध करवाकर, सूचनाएं प्राप्त कर सकते है तथा लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, अनूपगढ को निर्देशित किया जाता है, अपीलार्थी वांछित सूचनाओं के सम्बन्ध में मिसल नं., अनवान् आदि के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध करवा दे तो उसे सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानानुसार सूचना उपलब्ध करवा दी जावे।

अतः उक्त विवेचन के आधार पर अपीलार्थी की अपील निस्तारित की जाती है। आदेश की प्रति लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, अनूपगढ़ को **पालनार्थ भिजवाई जावे। अपीलार्थी को भी सूचनार्थ निर्णय की प्रति भिजवाई जावे।** पत्रावली बाद तरतीब़ तकम़ील दाख़िल दफ़्तर हो।

यह आदेश आज दिनांक 15.03.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सौरभ स्वामी)
जिला कलेक्टर
श्रीगंगानगर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sourabh Swami
Date: 2023.05.19 17:21:17 IST
Reason: SelfAttested